सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-409**
24/09/2016

मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

पटना, 24 सितम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गंगा नदी पर कच्ची दरगाह से बिदुपुर तक बनने वाली सिक्स लेन पुल निर्माण में जमीन अधिग्रहण से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिक्स लेन पुल निर्माण की महत्ता और इसके सामरिक महत्व को देखते हुये आपातकालीन प्रावधान के अन्तर्गत जमीन अधिग्रहण का कार्य पूर्ण किया जाय।

मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग की सभी मेगा परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और सभी मेगा परियोजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पथ निर्माण विभाग के परामर्शी श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार श्री विवेक कुमार सिंह, सचिव पथ निर्माण श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा एवं अन्य संबंधित वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******